Seventeenth Loksabha

>

Title: Need to waive off loans of farmers in Maharashtra.

श्रीमती सुप्रिया सदानंद सुले (बारामती): महोदय, महाराष्ट्र के बहुत सारे सांसदों ने महाराष्ट्र में जो बारिश हुई है, ओले पड़े हैं, उसके बारे में बोला है । बहुत लोगों ने और भी एक चीज बताई कि जो पैसा आज किसानों को मिल रहा है, वह बढ़ना चाहिए । मेरी माँग इससे थोड़ी अलग है । मेरी माँग है कि जो डॉ. मनमोहन सिंह जी की सरकार थी, तब हमने किसानों का 70 हजार करोड़ रुपये का कर्जा माफ किया था । हमारी माँग है कि महाराष्ट्र के किसानों का कर्जा पूरी तरह से माफ करें और री-स्ट्रक्चरिंग भी करें । आज सुबह प्रश्नकाल में डॉ. संजय जायसवाल जी ने एक सवाल उठाया था कि जो कंपनीज हैं, कैलेमिटी हो, साइक्लोन हो, उनसे हुए नुकसान के लिए एमएसएमईज़ को मदद करने का सरकार ने वायदा किया था । ऐसा उनके फाइनेंस मिनिस्टर ने कहा था । अगर आप इस तरह से इंडस्ट्री को हेल्प करेंगे, तो किसान के द्वारा तो सबकी थाली में भोजन आता है, वह सबसे बढ़िया और सबसे महत्वपूर्ण है । मेरे ख्याल से किसानों की पूर्ण कर्जा माफी करनी चाहिए । यह हम सबकी माँग है । धन्यवाद ।